रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 11 | अंक 27 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 17 नवम्बर 2026 से 23 नवम्बर 2026 तक

मोदी का फिलीपींस दौरा आज से, आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल, रिश्तों को मिलेगी नई दिशा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय फिलीपींस दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वह आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। भारत और आसियान देशों के बीच आर्थिक, सामरिक और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करना इस दौरे के प्रमुख एजेंडे में रहेगा। दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत की बढ़ती भूमिका के बीच प्रधानमंत्री का यह दौरा अहम माना जा रहा है। सम्मेलन में क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, डिजिटल सहयोग और आपसी साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। फिलीपींस दौरा भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। आसियान भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक और आर्थिक साझेदार है।

यूपी चुनाव 2027

मथुरा में भाजपा का मेगा मंथन

बनेगा रोडमैप, इसी रणनीति पर आगे बढ़ेगी पार्टी



रणजीत टाइम्स

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार से मथुरा में पार्टी की दो दिवसीय अहम बैठक शुरू होने जा रही है। बैठक में संगठन को चुनावी मोर्चे पर मजबूत करने से लेकर आगामी रणनीति तक कई मुद्दों पर मंथन होगा। मथुरा में होने वाली बैठक को भाजपा की चुनावी तैयारियों की दिशा तय करने वाला अहम पड़ाव माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व प्रदेश में संगठन की स्थिति, जमीनी सक्रियता और चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार करेगा। बैठक में तय होने वाली योजना के आधार पर पार्टी आने वाले महीनों में अपनी चुनावी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी। 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में मथुरा की बैठक से निकलने वाले फैसलों पर राजनीतिक गलियारों की नजर रहेगी।

2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है।

कलह छोड़ो, समाज जोड़ो मोहन भागवत बोले-जाति, भाषा और क्षेत्रवाद से ऊपर उठें, कौरवों जैसी आपसी लड़ाई से बचें



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में एकता की जरूरत बताते हुए जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर होने वाले विभाजन से बचने की अपील की। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि पांडवों ने मतभेदों के बावजूद एकता बनाए रखी, जबकि कौरव आपसी कलह में उलझे रहे और अंततः उनका पतन हुआ। भागवत ने कहा कि समाज की ताकत उसकी एकजुटता में है। जातीय और क्षेत्रीय पहचान को संघर्ष का कारण बनाने के बजाय सभी को व्यापक सामाजिक हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने आपसी विवादों को बढ़ाने वाली मानसिकता से सावधान रहने की बात कही।

छठ पूजा के दौरान दिल्ली की यमुना में दिखा जहरीला झाग,

केजरीवाल ने बीजेपी सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्लीः दिल्ली में छठ पूजा के दौरान यमुना नदी की हालत एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई। कालिंदी कुंज के पास यमुना के पानी में सफेद झाग की मोटी परत दिखाई दी। इसी प्रदूषित पानी के बीच श्रद्धालुओं को छठ पूजा के अनुष्ठान करते देखा गया।

इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार को घेरा। पार्टी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए सवाल उठाया कि यमुना साफ करने के दावों के बावजूद नदी की हालत ऐसी क्यों है? अरविंद केजरीवाल ने भी अक्टूबर 2025 में छठ पूजा को लेकर बीजेपी पर तंज कसते हुए आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री के लिए साफ पानी की अलग व्यवस्था की गई, जबकि आम श्रद्धालुओं को प्रदूषित यमुना में पूजा करनी पड़ रही है। वहीं, बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि उसकी सरकार में दिल्ली में 1,400 से अधिक छठ घाटों पर व्यवस्था की गई है और यमुना की सफाई का काम भी आगे बढ़ा है।



यमुना में प्रदूषण और सफेद झाग

फिर नदी की सफाई के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर दिल्ली की यमुना कब साफ होगी और श्रद्धालुओं को स्वच्छ पानी में छठ पूजा करने का अवसर कब मिलेगा?

गांधी सागर में महामंथन

क्रूज से पहुंचेंगे मोहन यादव

मध्यप्रदेश सरकार की अगली मंत्री परिषद बैठक 18 नवंबर को मंदसौर के गांधी सागर में होगी। इसे डेस्टिनेशन कैबिनेट के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हिंगलाजगढ़ से क्रूज के जरिए बैठक स्थल तक पहुंचेंगे। बैठक का केंद्र मालवा में औद्योगिक विस्तार और निवेश बढ़ाना रहेगा।

मंदसौर में रासायनिक औद्योगिक पार्क, रतलाम में जैव संयंत्र और बसई में खाद्य प्रसंस्करण इकाई जैसे प्रस्तावों पर चर्चा संभव है। औद्योगिक प्रोत्साहन नीति में बदलाव और बड़े निवेश को आकर्षित करने वाली नई शर्तों पर भी फैसला हो सकता है। गांधी सागर की 11,500 करोड़ रुपये की 1,920 मेगावाट पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना



भी बैठक के आकर्षण का बड़ा केंद्र है। सरकार इसे ऊर्जा, रोजगार और क्षेत्रीय विकास से जोड़कर देख रही है। बैठक के लिए बैकवॉटर किनारे विशेष डोम तैयार किए गए हैं। प्राकृतिक नजारे के बीच होने वाली यह बैठक राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के साथ पर्यटन की तस्वीर भी पेश करेगी।

चातुर्मास समापन पर नगर निगम कर्मचारियों का विशेष सम्मान, मिठाई और पारितोषिक देकर किया स्वागत



खुशबू श्रीवास्तव- इंदौर। दलालबाग इंदौर में मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागरजी महाराज के सानिध्य में आयोजित भव्य चातुर्मास का समापन श्रद्धा और सम्मान के भाव के साथ हुआ। इस अवसर पर पूरे चातुर्मास के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले नगर निगम के कर्मचारियों का विशेष सम्मान किया गया। धर्म प्रभावना समिति एवं चातुर्मास में भोजन के पुण्यार्जक श्री गजेन्द्र जैन तथा गिरीश जैन (गिन्नी ग्रुप परिवार) की ओर से सभी नगर निगम कर्मचारियों को पारितोषिक एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की सेवा, समर्पण और सहयोग की सराहना की गई। आयोजकों ने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में व्यवस्थाओं से जुड़े कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उनके अथक प्रयासों और सेवाभाव के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया नि:शुल्क नमो कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

आकाश विजयवर्गीय की पहल को देशभर में सराहना

सोशल मीडिया पर AKVijayvargiyaFreeEducation नंबर-1 ट्रेंड हुआ

इन्दौर मध्यप्रदेश
सह संपादक अनिल चौधरी

इंदौर। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय की संस्था देव से महादेव वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए नमो कोचिंग सेंटर का शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध डॉक्टर विश्वरूप रॉय चौधरी, कौटिल्य अकादमी के डायरेक्टर सिद्धांत जोशी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस पहल को देशभर में सराहना मिल रही है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर AKVijayvargiyaFreeEducation हैशटैग नंबर-1 पर ट्रेंड हुआ। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को



आगे बढ़ाने और उनके सपनों को साकार करने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से एक वर्ष पूरी लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए बताया कि अगले वर्ष राज्य सरकार ढाई लाख भर्तियां निकालने जा रही है।

साथ ही विद्यार्थियों के लिए 15 से 20 करोड़ रुपये की लागत से 24 घंटे संचालित होने वाली ई-लाइब्रेरी भी विकसित की जाएगी।

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग के लिए 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 208 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कौटिल्य अकादमी के अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी। प्रत्येक विद्यार्थी को 5 हजार रुपये की स्टडी सामग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कोचिंग सेंटर में MPPSC, पटवारी, फूड सेफ्टी ऑफिसर, सब इंस्पेक्टर, पुलिस कांस्टेबल एवं शिक्षक वर्ग-1, 2 और 3 सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री वितरित की गई।

विद्या हमारी धरोहर ही नहीं हमारी शक्ति है

जो सुपात्र व्यक्तित्व का निर्माण करती है - डॉ. भरत शर्मा

गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा डॉ. भरत शर्मा संस्था के संरक्षक निर्वाचित

इंदौर। गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य रहे एवं समाजसेवी एवं संस्कृति उत्थान हेतु कृतसंकल्प विद्वान डॉ. भरत शर्मा को संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों तथा युवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, सामाजिक जागरण तथा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह दायित्व प्रदान किया गया है। इस अवसर पर यह भी संकल्प लिया गया कि गौड़ ब्राह्मण समाज शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण, संस्कार एवं सेवा के क्षेत्रों में नवीन प्रकल्पों का संचालन करेगा। इनमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना, वेद एवं संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन, युवा नेतृत्व विकास, पर्यावरण संरक्षण अभियान, वरिष्ठजनों के सम्मान कार्यक्रम तथा सामाजिक समरसता के विभिन्न आयोजन प्रमुख रूप से सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. भरत शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, संस्कार, धर्म और लोककल्याण का वाहक रहा है। वर्तमान समय में समाज को शिक्षा, नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय चेतना के क्षेत्र में अपनी परंपरागत भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना होगा। समारोह का समापन राष्ट्र की उन्नति, समाज की एकता तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। उक्त अवसर पर गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा अन्नकूट महोत्सव भी पं. भरत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में और वेदमूर्ति पं. देवव्रत रेखे के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर वेदमूर्ति पं. देवव्रत रेखे ने कहा कि ब्राह्मण समाज की असली पूँजी उसका ज्ञान, संस्कार और



वेद परम्परा है। उन्होंने ब्राह्मणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, वैदिक शिक्षा और पौराणिक कथाओं के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की शिक्षा भी अवश्य दिलाएँ, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सके। कार्यक्रम में उनके पिता पं. महेश शंकर रेखे भी विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता परशुराम महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पं. संजय मिश्रा ने की। विशेष अतिथि के रूप में ब्राह्मण सेवा संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं पं. गोविन्द शर्मा उपस्थित रहे। प्रारम्भ में संघ के अध्यक्ष पं. बाबूलाल गौड़, सचिव पं. मनमोहन हिसारिया, पं. महेश शर्मा एवं पं. नरेन्द्र कौशिक ने वेदमूर्ति देवव्रत रेखे सहित समस्त अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पं. राधेश्याम शर्मा 'गुरुजी ठंडाई' एवं पं. गौतम मारवाल को प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। भगवान व्यंकटेश का फूल बंगले से सजा दरबार आकर्षण का केन्द्र रहा, जहाँ छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर राजेश सांखला की भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन पं. विजय अड़ीचवाल ने किया। आभार सचिव पं. मनमोहन हिसारिया ने माना।

बिजलपुर में भाजपा किसान मोर्चा का

दीपावली मिलन एवं किसान सम्मान समारोह संपन्न



राजेश धाकड़ - जयपाल सिंह चावड़ा ने किया किसानों का सम्मान, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में किसानों की भूमिका को बताया अहम; कांग्रेस नेता हिमांशु पटेल ने टीम सहित थामा भाजपा का दामन। इंदौर। राऊ विधानसभा क्षेत्र के बिजलपुर में भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा के नेतृत्व में दीपावली मिलन एवं किसान सम्मान समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, राऊ विधायक मधु वर्मा एवं पूर्व विधायक जीतू जिराती विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में दुग्ध उत्पादन एवं जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों का सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वहीं मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक मधु वर्मा ने किसान हितैषी योजनाओं एवं खाद सब्सिडी की जानकारी देते हुए सरकार की प्रतिबद्धता बताई। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष रजनीश वर्मा के नेतृत्व में देवगुराड़िया निवासी कांग्रेस नेता हिमांशु पटेल ने अपनी पूरी टीम के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नारायण पटेल, सुमेर सिंह सोलंकी, राजीव पटेल, श्रेष्ठा जोशी, अभिषेक बबलू शर्मा, विजय पाटीदार, कैलाश चौधरी, ओमप्रकाश आर्य, पुरुषोत्तम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे। अंत में सहभोज के साथ समारोह संपन्न हुआ।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 17 नवम्बर 2026 से 23 नवम्बर 2026 तक

श्याम नगर एनेक्स-ए में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया छठ पूजा महोत्सव, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख-समृद्धि की कामना

सह संपादक अनिल चौधरी

इंदौर- श्याम नगर एनेक्स-ए में महापर्व छठ पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सूर्य उपासना एवं लोक आस्था के इस महापर्व पर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।

तालाबों, कुंडों एवं घाटों पर व्रती महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर



अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और संतान की मंगलकामना की। छठ महापर्व के अवसर पर पूजा स्थल पारंपरिक लोकगीतों से गूंज उठे। "छठी मइया आइलें आंगनवा" और "केलवा के पात पर" जैसे लोकगीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की आस्था, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामूहिक सहभागिता ने आयोजन को विशेष एवं यादगार बना दिया। छठ पूजा महोत्सव समिति के टी.एन. झा एवं राजेश गुप्ता ने बताया कि नहाय-खाय से प्रारंभ हुआ चार दिवसीय यह महापर्व सोमवार प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न होगा। 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत के उपरांत व्रती महिलाएं सूर्योदय के समय जल में खड़े होकर अंतिम अर्घ्य देंगी तथा पारण कर व्रत का समापन करेंगी।

समिति की ओर से शहर के समस्त नागरिकों, पूर्वांचल, मिथिलांचल एवं भोजपुरी समाज सहित सभी श्रद्धालुओं का छठ पूजा महोत्सव को सफल एवं भव्य बनाने में दिए गए सहयोग, सहभागिता और योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने छठी मैया से सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना करते हुए कहा कि छठी मैया के आशीर्वाद से सभी के कष्टों एवं बाधाओं का निवारण हो तथा प्रत्येक परिवार खुशहाल एवं स्वस्थ रहे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और सूर्यदेव से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का प्रकाश बनाए रखने की कामना की।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती पर वंशजों का सम्मान

हजारों की संख्या में समाजजन पहुंचे सहस्त्रबाहु तीर्थ क्षेत्र

राजेश धाकड़

कार्तवीर्य अर्जुन समाज सेवा समिति ने किया आयोजन, खाती, कलाल, कसेरा, ताम्रकार और सोमवंशी खत्री समाज के प्रतिनिधियों का हुआ सम्मान; निकली भव्य शोभायात्रा



इंदौर। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के पावन अवसर पर कार्तवीर्य अर्जुन समाज सेवा समिति द्वारा हिन्दू समाज की विभिन्न जातियों को संगठित करने एवं सामाजिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर आयोजित हुआ, जिसमें भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन को अपना पूर्वज मानने वाले विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों का फूलमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्तवीर्य अर्जुन समाज सेवा समिति के संयोजक मुकेश चौधरी एडवोकेट एवं खाती समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि सनातन धर्म ग्रंथों के अनुसार त्रेतायुग में कार्तिक माह की सप्तमी तिथि को भगवान दत्तात्रेय के महान पराक्रमी शिष्य कार्तवीर्य अर्जुन का जन्म हुआ था। देशभर में लगभग 105 जातियों के लाखों लोग स्वयं को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का वंशज मानते हैं। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाने और समाजों के बीच एकता स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। समारोह में खाती, कलाल, कसेरा, ताम्रकार, सोमवंशी खत्री सहित विभिन्न समाजों के बंधुओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राय समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा और सम्मान समारोह के माध्यम से सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सनातन परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया। सम्मान समारोह के पश्चात हजारों की संख्या में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के वंशज सहस्त्रबाहु तीर्थ क्षेत्र पहुंचे, जहां भगवान सहस्त्रार्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया गया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाती समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री किशोर चौधरी, सोमवंशी खत्री समाज के सचिव श्री जितेंद्र माहेश्वरी, जायसवाल समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती आरती जायसवाल, विधायक श्री रमेश मेंदोला, चौकसे समाज के युवा अध्यक्ष गन्नी चौकसे, समाजसेवी श्री राजेंद्र चौधरी एवं श्री सुरेश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री रमेश चौकसे ने किया। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता ने सामाजिक एकता और आपसी समरसता का संदेश दिया।

विधायक भंवरसिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उमडा जन सैलाब

बदनावर। (मनोहरपाटीदार,)

विधायक भंवरसिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उमडे जन सैलाब से सभी के अनुमान ध्वस्त हो गए। भव्य दीपावली मिलन समारोह में 25 हजार से अधिक लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर बाबूजी को बधाईयां दी।

परिसर में छागए बाबूजी, जन जन को भा गए बाबूजी का शौर सुनाई दिया। आयोजन में मातृशक्ति एवं बच्चों ने भी हजारों की संख्या में सहभागिता की। विधायक शेखावत भी सहजता से आगंतुकों के बीच उपलब्ध रहे। विधायक भंवरसिंह शेखावत के मार्गदर्शन में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को जनपद पंचायत के सामने खेल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक शेखावत द्वारा बिरसा मुंडाजी एवं संत रविदासजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। परिसर की सजावट कर जगमग रोशनी से चमकाया गया था। दीपावली मिलन समारोह मे आगंतुको का सिलसिला शाम 5 बजे से शुरु होकर जो देर रात जारी रहा। विधायक शेखावत स्वयं जन समुदाय के बीच मौजूद रहे।

वही मुख्य द्वार पर संदीपसिंह शेखावत ने सभी आगंतुको का स्वागत कर अगवानी की। कुलदीपसिंह शेखावत ने अतिथियों की अगवानी की। मिलन समारोह में हजारों लोगों का जन सैलाब उमडा। चारों और जनसमुदाय की भीड ही भीड दिखायी दी। देखते - देखते पुरा परिसर खचाखच भर गया। हजारों लोगों ने विधायकजी के साथ



फोटो भी खिंचवाए। पूरे समय विधायक शेखावत आगंतुकों से घिरे रहे। देर रात तक 25 हजार से अधिक लोगों ने आयोजन में सहभागिता की। हजारों की भीड से माहोल जलसे जेसे प्रतीत हो रहा था। आयोजन के दौरान जोरदार आतिशबाजी की रंग बिरंगी रोशनी से गगन चमक उठा। विधायक बाबूजी ने सभी आंगंतुको से आत्मियता से मिलकर दीपावली की राम-राम की।

आयोजन में विधायक, पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी सहीत जनप्रतिनिधी हुए शामिल- दीपावली मिलन समारोह में महिदपुर विधायक दिनेश जैन, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, पूर्व विधायक बडनगर मुरली मोरवाल, पूर्व विधायक धार करणसिंह पंवार, पूर्व विधायक रतलाम पारस सकलेचा, काग्रेस जिलाध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, पूर्व अध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार, , वरिष्ठ नेता कमलसिंह पटेल, ठा हरीनारायणजी पंवार,पुर्व जिप अध्यक्ष मनोजसिहं गौतम, लोकसभा प्रत्याशी राधेष्याम मुवेल, अवधेशसिंह जाट, हरदेव जाट, जिलायुंका अध्यक्ष रोहित कामदार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीती माहेश्वरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष जीपीसिंह, वरिष्ठ नेता रमेश देव, राजपुत समाज अध्यक्ष अंतरसिह पंवार, क्षेत्रिय महासभा राष्टीय सचिव नरेन्द्रसिंह राजावत सहीत दुरदराज से हजारों लोग, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मातृशक्ति, बच्चे, गणमान्य नागरिक, विधायक प्रतिनिधी, कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। भोजन व्यवस्था का संचालन समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया ! वाहन व्यवस्था कंवरलाल पाटीदार ने संभाली कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधी देवपालसिंह जादव, महेश पाटीदार, नितीन सांखला ने किया । आभार जिला कांग्रेस संगठन मंत्री परितोष सिंह राठौर व्यक्त किया

जागृत स्त्री

सुखी परिवार और श्रेष्ठ समाज का आधार है



स्त्री सृष्टि की आधारशिला है। वह केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। आज की व्यस्त जीवनशैली में महिलाओं को अनेक भूमिकाएँ निभानी पड़ती हैं, जिसके कारण मानसिक तनाव, भावनात्मक दबाव और असंतुलन जैसी चुनौतियाँ सामने आती हैं। ऐसे समय में ध्यान स्त्री शक्ति के लिए एक अमूल्य साधन सिद्ध होता है, और सहजयोग इस दिशा में एक सरल एवं प्रभावशाली मार्ग प्रदान करता है। सहजयोग एक आत्म-साक्षात्कार आधारित ध्यान पद्धति है, जिसकी स्थापना श्री माताजी निर्मला देवी जी ने की। "सहज" का अर्थ है स्वाभाविक और "योग" का अर्थ है मिलन। यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से मनुष्य अपनी आंतरिक शक्ति, अर्थात् कुंडलिनी, के जागरण द्वारा अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है। सहजयोग का ध्यान मन को शांत करता है, विचारों की अधिकता को कम करता है तथा आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को बढ़ाता है। इससे महिलाओं में धैर्य, संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है। सहजयोग के अनुसार प्रत्येक महिला के भीतर मातृत्व, प्रेम, करुणा और संरक्षण की दिव्य शक्तियाँ विद्यमान हैं। ध्यान के माध्यम से ये गुण और अधिक प्रकट होते हैं, जिससे वह न केवल स्वयं को सशक्त बनाती है बल्कि अपने परिवार और समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। जब एक महिला अपने भीतर की शांति और शक्ति से जुड़ जाती है, तब वह जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक सहजता और आत्मबल के साथ कर पाती है। श्री माताजी ने स्त्री धर्म का सर्वोच्च आदर्श प्रस्तुत करते हुए अपने जीवन में एक आदर्श पुत्री, पत्नी, माता और विश्वमाता की भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने परिवार की सभी जिम्मेदारियों को पूर्ण समर्पण के साथ निभाते हुए मानवता के आध्यात्मिक उत्थान का महान कार्य किया। गृहस्थ जीवन में रहते हुए उन्होंने यह सिद्ध किया कि आध्यात्मिकता और पारिवारिक कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। मातृत्व, करुणा, प्रेम, क्षमा और त्याग जैसे स्त्री-सुलभ गुणों को उन्होंने अपने जीवन में चरितार्थ किया तथा सहजयोग के माध्यम से लाखों लोगों को आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर विश्व में शांति, एकता और धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। श्री माताजी का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि एक जागृत और संतुलित नारी पूरे समाज के उत्थान की प्रेरक शक्ति बन सकती है। सहजयोग महिलाओं को उनकी अंतर्निहित शक्तियों का अनुभव कराकर उन्हें मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। एक सशक्त और संतुलित महिलाही एक सशक्त परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला होती है। सहजयोग पूर्णतया व सदैव निशुल्क है, आप अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

सहजयोग :आत्मसाक्षात्कार से

परम चैतन्य के सान्निध्य तक की सहज यात्रा



मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी खोज क्या है? सुख, सफलता, धन-संपत्ति या फिर मन की शांति? यदि हम अपने अंतर्मन में झांककर देखें तो पाएंगे कि हमारी वास्तविक तलाश इन सबसे कहीं आगे है। हम ऐसी शांति चाहते हैं जो परिस्थितियों पर निर्भर न हो, ऐसा आनंद चाहते हैं जो बाहरी सुख-सुविधाओं से न मिले और ऐसा आत्मिक संतोष चाहते हैं जो जीवन के प्रत्येक क्षण को सार्थक बना दे। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में इस अनुभूति का मार्ग आत्मसाक्षात्कार कहलाता है।

प्रश्न उठता है कि क्या परमात्मा को केवल मंदिरों में खोजा जा सकता है?

क्या ईश्वर की अनुभूति हमारे भीतर भी संभव है? सहजयोग का उत्तर है—हां! परमात्मा द्वारा प्रदत्त आध्यात्मिक शक्ति हमारे भीतर विद्यमान है, जिसे जागृत करने की प्रक्रिया आत्मसाक्षात्कार है। सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने वर्ष 1970 में सहजयोग के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने की एक सरल और सहज विधि जनसामान्य तक पहुंचाई। सहजयोग ध्यान पद्धति में प्रत्येक मनुष्य के भीतर स्थित कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार का अनुभव प्राप्त किया जाता है। कुंडलिनी शक्ति के जागरण के पश्चात व्यक्ति अपनी हथेलियों और सिर के ऊपर शीतल चैतन्य लहरियों का अनुभव करता है। यह अनुभव केवल पढ़ने या सुनने का विषय नहीं, बल्कि स्वयं करके जानने का विषय है।

सहजयोग में ध्यान का उद्देश्य केवल आंखें बंद करके बैठना नहीं, बल्कि विचारों से परे जाकर विचारशून्य अवस्था अर्थात् निर्विचार समाधि का अनुभव करना है। इस अवस्था में मन भूतकाल की स्मृतियों और भविष्य की चिंताओं से मुक्त होकर वर्तमान में स्थिर होने लगता है। नियमित ध्यान से आत्मविश्वास, संतुलन, सहजता और सकारात्मकता विकसित करने में सहायता मिलती है।

सहजयोग की एक महत्वपूर्ण विशेषता हमारे सूक्ष्म तंत्र का ज्ञान है। हमारे भीतर स्थित तीन नाड़ियां—इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना तथा सात चक्र आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन चक्रों के गुणों, उनकी विशेषताओं और संतुलन की विधियों को समझकर हम अपने व्यक्तित्व में निहित सकारात्मक गुणों को विकसित कर सकते हैं। क्षमा, करुणा, प्रेम, संतोष, विनम्रता और निर्भयता जैसे सद्गुण सहज ही हमारे स्वभाव का हिस्सा बनने लगते हैं।

आज विश्व के अनेक देशों में सहजयोग ध्यान का अभ्यास किया जा रहा है। इसकी विशेषता है कि यह किसी जाति, धर्म, भाषा, आयु या आर्थिक स्थिति का भेदभाव नहीं करता। सहजयोग सीखने के लिए न कोई शुल्क देना होता है, न किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता है। यह ज्ञान पूर्णतः निःशुल्क है और प्रत्येक जिज्ञासु के लिए उपलब्ध है। सहजयोग केंद्र केवल ध्यान सीखने का स्थान नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति, सामूहिक ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान को गहराई से समझने का माध्यम हैं। यहां अनुभवी सहजयोगियों के मार्गदर्शन में ध्यान की विभिन्न विधियां, चक्रों का ज्ञान और आत्मसाक्षात्कार के अनुभव को अधिक गहराई से समझने का अवसर मिलता है। तोआइए,परमात्माकोबाहरखोजनेकेसाथ-साथअपनेभीतरभीजानने का प्रयास करें। अपने जीवन को तनाव, अहंकार और नकारात्मकता से मुक्त कर आत्मिक आनंद की दिशा में एक कदम बढ़ाएं। सहजयोग ध्यान की सबसे सुंदर विशेषता यही है कि यह सहज है, सरल है और पूर्णतः निःशुल्क है। इसे सीखने के लिए केवल एक सच्चे जिज्ञासु हृदय की आवश्यकता है। आज ही अपने निकटतम सहजयोग ध्यान केंद्र से जुड़ें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: टोल फ्री नंबर : 1800 2700 800 वेबसाइट : www.sahajayoga.org.in

बाल दिवस पर कविता

बचपन फिर... लौट आए

वो कागज़ की नाव, वो बारिश का पानी,
वो बचपन की दुनिया, वो प्यारी कहानी।
न दौलत की चाहत, न शोहरत का ख्वाब, बस
छोटी-सी खुशियों में मिलता था जवाब।
वो साइकिल चलाना, वो गिरकर संभलना,
वो माँ की पुकार पर घर को निकलना।
न मोबाइल की दुनिया, न दिखावे का शोर, बस
दोस्तों की मस्ती और खुशियों का दौर।
आज बच्चे भी बचपन से दूर हो रहे हैं,
किताबों के बोझ में सपने खो रहे हैं।
मत छीनो उनसे वो हँसता हुआ बचपन,
उन्हीं की मुस्कानों से महकेगा ये जीवन।
बच्चों को सिर्फ़ बड़ा मत बनाइए,
उन्हें बचपन भी जीने दीजिए।
क्योंकि बचपन दोबारा नहीं आता,
बस यादों में रह जाता है।
बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!
कवि गोपाल गावंडे



युवा पुलिस

अधिकारियों का सम्मान



इंदौर। नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में युवा आईपीएस पुलिस अधिकारी अभिषेक रंजन और ओमप्रकाश सिंह झोन-& का स्मृति चिन्ह, अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। मंच के अध्यक्ष श्री परमालिया ने बताया कि युवा पुलिस अधिकारियों के द्वारा उनके क्षेत्रों में कसावटी कार्यनिर्देशों के चलते अपराधों पर लगाम लगना और त्यौहारों का शांतिपूर्ण एवं उत्साह से सम्पन्न करवाने पर अधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया, सेंट्रल कोतवाली के थाना संयोजक पुनम गोयल, सुदीप पटेल, यश महेश गोयल ने सम्मानित कर युवा अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

विजय नगर में छठ पूजा महोत्सव में कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम का भव्य स्वागत एवं सम्मान

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान ने किया सम्मान, छठ महापर्व को बताया आस्था, प्रकृति और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

दैनिक रणजीत टाइम्स-रेणु कथवास

इंदौर। इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में आयोजित छठ पूजा महोत्सव में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।



इस अवसर पर पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान, मध्यप्रदेश द्वारा माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम का विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए छठ महापर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सूर्य उपासना, अनुशासन, श्रद्धा और पारिवारिक एकता का महान प्रतीक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर माँ करणी सेना की बाला ठाकुर का भी पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने छठ पूजा की पारंपरिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त किया। आयोजन ने पूर्वांचल की समृद्ध परंपराओं के साथ सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति की एकता का संदेश दिया।

दैनिक रणजीत टाइम्स | राजनीति 24 न्यूज़

जनता की आवाज़, समाज का विश्वास।

कृष्ण बाग कॉलोनी में 71 परिवारों के आशियानों पर संकट

रहवासियों के समर्थन में उतरी माँ करणी सेना

2014 में रजिस्ट्री, वर्षों से निवास, फिर भी बेदखली का डर! कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम ने उठाई न्याय की आवाज, प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

इंदौर | दैनिक रणजीत टाइम्स | विशेष रिपोर्ट

इंदौर की कृष्ण बाग कॉलोनी सेक्टर-सी में जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कॉलोनी के 71 परिवारों के सामने अपने आशियाने खोने का संकट खड़ा हो गया है। मकान खाली कराने की संभावित कार्रवाई को लेकर रहवासियों में चिंता और आक्रोश का माहौल है।

2014 में खरीदे प्लॉट

अब कब्जाधारी बताए जाने पर सवाल

रहवासियों का आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2014 में विधिवत रजिस्ट्री के माध्यम से प्लॉट खरीदे और अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर मकान बनाए। इसके बावजूद अब जमीन के स्वामित्व को लेकर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों का सवाल है कि जब उनके पास रजिस्ट्री के दस्तावेज मौजूद हैं, तो उन्हें कब्जाधारी किस आधार पर बताया जा रहा है?

रहवासियों के समर्थन में पहुंचे

कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम

इस मामले में माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह गौतम ने प्रभावित रहवासियों का समर्थन किया। उन्होंने कॉलोनीवासियों की





समस्याओं को सुना और न्याय की मांग में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित परिवारों के दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार उचित समाधान निकाला जाए।

हाईकोर्ट के आदेशों के बीच बढ़ी चिंता

कृष्ण बाग कॉलोनी से संबंधित जमीन विवाद पूर्व में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। जुलाई 2024 के एक आदेश में संबंधित याचिकाकर्ताओं



को तहसीलदार के समक्ष अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। साथ ही उनके मामले का निर्णय होने तक मकान नहीं तोड़ने का निर्देश भी दिया गया था।

»» हालांकि, इस आदेश का लाभ किन-किन परिवारों को मिलता है और वर्तमान कार्रवाई की कानूनी स्थिति क्या है, यह संबंधित न्यायालय आदेशों और प्रशासनिक रिकॉर्ड से स्पष्ट होना आवश्यक है।

15 नवंबर तक की मोहलत, 16 नवंबर की कार्रवाई पर सवाल

13 नवंबर को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि 71 मकान मालिकों को 15 नवंबर तक कब्जा हटाने की मोहलत दी गई है और 16 नवंबर को कार्रवाई की संभावना है। हालांकि, 16 नवंबर को वास्तव में कोई कार्रवाई हुई है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

प्रशासन से न्याय की गुहार

प्रदर्शनकारी रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जमीन के मूल रिकॉर्ड, रजिस्ट्री दस्तावेजों और न्यायालय के आदेशों की जांच कर प्रभावित परिवारों के अधिकारों की रक्षा की जाए। यदि जमीन की खरीद-फरोख्त में कोई अनियमितता हुई है, तो जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि वर्षों पहले रजिस्ट्री कराकर मकान बनाने वाले परिवारों के अधिकारों का समाधान कैसे होगा?

इस पूरे मामले में

प्रशासन तथा अन्य संबंधित पक्षों का विस्तृत आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है।

दैनिक रणजीत टाइम्स | राजनीति 24 न्यूज़

जनता की आवाज, न्याय की पहल।

छठ पूजा

कृष्णा नगर में खुद के सहयोग से बनाया गया छठ घाट



कोरबा मानिकपुर पोखरी का पानी गंदा होने के कारण कृष्णा नगर के पूजा करने वालों ने खुद से चंदा इकट्ठा करके गड्ढे का निर्माण किया और छठ घाट बनाया जो की देखने में काफी सुंदर और मनमोहन था। इसमें लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया। जिसमें पूजा करता उर्मिला देवी, गोपाल सिंह, दुर्गा सिंह, रागिनी सिंह, सुनीता देवी, डॉ बृजेश राम, किरण देवी, सुलेखा देवी, अनिल गिरी, विकास गुप्ता, रिंकी गुप्ता, आर्यन गिरी, सुरेंद्र मिंज,युवराज गिरी, सतीश गिरी, पिंटू शर्मा,सुदीश गिरी, आदित्य गिरी, लिली गुप्ता, पिंकी गुप्ता,और अन्य सदस्य छठ पूजा में सम्मिलित थे मोहल्ले में एक त्यौहार का माहौल बन गया है। जिसमें लोगों ने इसकी काफी प्रशंसा की।

अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद के नेतृत्व में नगर पंचायत छुरा ने रचा कीर्तिमान, रायपुर संभाग में प्राप्त किया प्रथम स्थान

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर मिला सम्मान, छुरा नगर के लिए गौरव का क्षण

छुरा। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत आयोजित स्वनिधि महोत्सव में नगर पंचायत छुरा ने रायपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के साथ नगर पंचायत छुरा ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के नेतृत्व में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों एवं फुटकर व्यवसायियों को आर्थिक सहायता और स्वरोजगार को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। अध्यक्ष श्रीमती निषाद ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल नगर पंचायत का नहीं, बल्कि छुरा के पथ विक्रेताओं, हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर के छोटे व्यापारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित हितग्राहियों एवं नगर पंचायत की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ नगर विकास और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। रायपुर संभाग में प्रथम स्थान की यह उपलब्धि छुरा नगर के लिए गौरव का विषय है।

नशेड़ी बताने वाले बयान पर जोरदार प्रदर्शन

किसानों को नशेड़ी बताने वाले बयान पर नगर कांग्रेस का शेरपुरा स्थित सांसद सांसद कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन जनार्दन मिश्रा से इस्तीफे की मांग किसानों सेसार्वजनिक माफी मांगने की उठाई आवाज ; खाद टोकन व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार को घेरा

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा किसानों को नशेड़ी बताने संबंधी सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित बयान के विरोध में जिला कांग्रेस के निर्देशन में नगर कांग्रेस ने सोमवार को शेरपुरा स्थित सांसद कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शनकिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एस.ए.टी.आई. के सामने स्थित भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होकर सांसद कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां और किसानों के सम्मान के नारे लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता सांसद कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के समक्ष बैठकर जमकर नारेबाजी की।जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू की अगुवाई में किये गए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने सांसद जनार्दन मिश्रा से तत्काल इस्तीफे एवं अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से किसानों से माफी मांगें ।जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि जिले में किसानो को खाद प्राप्त करने के लिए टोकन व्यवस्था के दौरान किसानों को



भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ,उन्होंने प्रशासन से खाद टोकन वितरण व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की।नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा की दिन-रात खेतों में पसीना बहाकर देश का पेट भरने वाले अन्नदाताओं को नशेड़ी कहना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया की जिला कांग्रेस के निर्देशन में जिले भर में सांसद एवं विधयाको के कार्यालयों पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया गया I प्रदर्शन में मुख्य रूप प्रदेश कांग्रेस पूर्व महामंत्री पंकज जैन , प्रवक्ता सुशील शर्मा , गोविन्द भार्गव,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीतू सिंह राजपूत,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, आनेक कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

ESIC अस्पताल विवाद में नवीन उर्फ पिंटू आर्य का पलटवार

अवैध वसूली के आरोपों को बताया निराधार

खुशबू श्रीवास्तव

कैंटीन विवाद का वीडियो मीडिया के सामने किया पेश, अक्षय रिंगे, पंकज सर्वा और अंकित रिंगे पर लगाए गंभीर आरोप

इंदौर। ESIC बीमा अस्पताल में अवैध वसूली के आरोपों को लेकर चल रहा विवाद अब और गहराता जा रहा है। मामले में नवीन उर्फ पिंटू आर्य ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए खुद पर लगे आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कैंटीन में हुए विवाद से जुड़ा एक वीडियो भी मीडिया को दिखाया और अक्षय रिंगे तथा पंकज सर्वा पर उन्हें साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाया। नवीन के मुताबिक, विवाद उस समय शुरू हुआ जब वे अस्पताल की कैंटीन में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। उनका आरोप है कि अक्षय रिंगे और पंकज सर्वा ने खाने के कंटेनर में मरा हुआ कॉकरोच डालकर विवाद खड़ा किया। नवीन ने दावा किया कि उनके द्वारा दिखाया गया वीडियो घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने में महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में हाईकोर्ट से राहत मिलने की बात भी कही। वहीं, नवीन ने अंकित रिंगे पर संघ का नाम लेकर टेंडर लेने वाले ठेकेदारों पर दबाव बनाने, उन्हें डराने-धमकाने और पैसों की मांग करने के गंभीर आरोप लगाए। उनका दावा है कि कथित तौर पर मांग पूरी नहीं होने पर टेंडर निरस्त करवाने की बातें कही जाती हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल परिसर में चल रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर भी नवीन ने सवाल उठाए। उनका आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा कर्मचारियों को काम पर जाने से रोका जा रहा है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने अखिल भारत हिंदू महासभा से संगठन के नाम के कथित दुरुपयोग की जांच कराने की अपील भी की है। फिलहाल, नवीन उर्फ पिंटू आर्य द्वारा लगाए गए आरोपों पर अक्षय रिंगे, पंकज सर्वा और अंकित रिंगे का पक्ष सामने नहीं आया है। मामले में सभी संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया और निष्पक्ष जांच के बाद ही पूरे विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



नवीन उर्फ पिंटू-पक्षकार

टेंगनाबासा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती, विधायक रोहित साहू ने की शिरकत

छुरा :- डडसेना कलार सिन्हा समाज छुरा परिक्षेत्र के तत्वावधान में ग्राम टेंगनाबासा में कलार सिन्हा समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु देव अर्जुन की जयंती का आयोजन किया गया। इस समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की और भगवान सहस्त्रबाहु के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध राम सिन्हा जिलाध्यक्ष, कलार समाज जिला गरियाबंद ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद की वन सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, कृषि सभापति श्री लेखराज ध्रुवा, टेंगनाबासा की सरपंच श्रीमती राज कुमारी ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा श्री खोमन चंद्राकर, कलार समाज परिक्षेत्र छुरा के अध्यक्ष शिवलाल सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक श्री रोहित साहू ने अपने संबोधन में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने समाज को संगठित रहने और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजकर आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

साथ ही, उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने और क्षेत्र के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की बात कहते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा, संगठन और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा परिक्षेत्र के सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना की।उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु जयंती की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं और युवा जब समाज के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, तो समाज और अधिक मजबूत होता है। समाज में कोई भी पद छोटा बड़ा नहीं होता बल्कि जिम्मेदारी बड़ी होती है और सिन्हा समाज अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने वाला समाज है। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने समाज और ग्रामीणों की मांग पर महिला स्वसहायता समूह भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण करने,दो स्थानों पर टीना शेड निर्माण और आंजनेय आश्रम जाने हेतु सड़क निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। इस दौरान प्रमुख रूप से डायमंड सिन्हा ,कुलेश्वर सिन्हा, रामलाल सिन्हा,भारत लाल सिन्हा,सोमन सिन्हा,मोहेन्द्र सिन्हा, विजू राम ध्रुव,अवध ध्रुव,पार्वती सिन्हा,भारती सिन्हा, गुलशन सिन्हा,जालनचंद सिन्हा, हेमन्त सिन्हा ,उमेश सिन्हा ,प्रकाश सिन्हा,प्रेमलाल सिन्हा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। महिला भवन का लोकार्पण और पीडीएस भवन का भूमिपूजन भी किया कार्यक्रम में पहुंचे विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों ने टेंगनही महिला संगठन के नवनिर्मित महिला भवन का लोकार्पण किया साथ ही ग्राम में बनने वाले पीडीएस भवन का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी।

जनजातीय गौरव दिवस पर CM मोहन यादव का खंडवा दौरा शांतिपूर्ण संपन्न, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन

पुनीत सेन

खंडवा। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खंडवा जिला दौरा पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं। पूरे दौरे के दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ तैनात रहा। मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल तथा आवागमन के निर्धारित मार्गों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वीआईपी



मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार होती रही मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री के पूरे दौरे के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की मॉनिटरिंग की जाती रही। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित योजना के अनुसार संचालित होती रहें।

सुविधा का भी रखा गया विशेष ध्यान

पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान वीआईपी मूवमेंट के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा को भी प्राथमिकता दी गई। यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए समुचित इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे।

पुलिस के बेहतर समन्वय से सफल रहा दौरा

पूरे दौरे के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन, पुलिस बल की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खंडवा दौरा बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विधिक सेवा

न्यायोत्सव 2026 एवं विधिक सेवा सप्ताह जिला जेल विदिशा में विधिक जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

धर्मेन्द्र गुप्ता

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा द्वारा 14 नवम्बर 2026 से 20 नवम्बर 2026 तक आयोजित किए जा रहे न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2026 अंतर्गत जिला जेल विदिशा में विधिक जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा श्री शेख सलीम के मार्गदर्शन में किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा के तत्वाधान में जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, न्यायिक प्रक्रिया एवं पुनर्वास के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष सुनवाई एवं न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। आर्थिक अथवा अन्य किसी प्रकार की असमर्थता किसी भी व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने से वंचित नहीं कर सकती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होनें बंदियों को अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा अपने प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होनें यह



भी कहा कि बंदियों के पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित होने के लिए सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनीस उद्दीन अब्बासी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिन बंदियों के पास अपने प्रकरणों की पैरवी के लिए अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है तथा जो विधिक सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं, उन्हें प्राधिकरण के माध्यम से अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होनें बंदियों को विधिक सहायता की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि वे अपने प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, लंबित कार्यवाही एवं न्यायालयीन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए विधिक सहायता तंत्र का उपयोग करें। चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सुरजीत सिंह सिकरवार, श्री विनोद कुशवाह असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं श्री अनिमेष तिवारी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा बंदियों के प्रकरणों की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी दी

बाल विवाह प्रतिषेध

अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कर बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

शिवम् प्रजापति

डिंडौरी। दिनांक 16/11/2026 को विकासखंड करंजिया में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला डिंडोरी द्वारा बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में श्रीमती सोनल सैयाम पर्यवेक्षक परियोजना डिंडोरी द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों, बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह रोकने में अधिकारियों की भूमिका एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों को बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने, संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा बाल



विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में श्री अयोध्या सिंह राठौर परियोजना अधिकारी करंजिया द्वारा बताया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह उनके शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने, समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्कूलों, पंचायतों एवं स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं तथा बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कार्यशाला में श्रीमती रितु खांडे एडमिनिस्ट्रेटर वन स्टॉप सेंटर डिंडोरी द्वारा बताया गया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी संबंधित अधिकारियों को बाल विवाह उन्मूलन के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाते हुए जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना रहा। कार्यशाला में श्रीमती सुमरतो सरोते केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर डिंडोरी,महिला एवं बाल विकास विभाग समस्त पर्यवेक्षक स्टाफ, करंजिया पटवारी, सचिव, पुलिस विभाग आदि उपस्थित रहा।

हर्षोल्लास से मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती,

मेंहदवानी (डिंडौरी)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मेंहदवानी के तत्वावधान में रविवार को शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (CMCLDP) के अंतर्गत जनजातीय गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर से भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं परामर्शदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें' तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण से जुड़े नारों के साथ नगर भ्रमण कर उनके आदर्शों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री बैजनाथ साहू ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, समाज सुधार और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 17 नवम्बर 2026 से 23 नवम्बर 2026 तक

भाजयुमो का शक्ति प्रदर्शन

अजय सिंह पवार के नेतृत्व में भाजयुमो का शक्ति प्रदर्शन, आभार यात्रा में उमड़ा युवाओं का सैलाब

हजारों वाहनों के काफिले के साथ लसूड़िया से मांगलिया पहुंची 'युवा शंखनाद यात्रा', वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुआ युवा समागम

आदित्य शर्मा

इंदौर। भारतीय जनता युवा मोर्चा इंदौर ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय सिंह पवार के नेतृत्व में आयोजित पहली आभार यात्रा में युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। लसूड़िया से मांगलिया तक निकली 'युवा शंखनाद-आभार यात्रा' में हजारों वाहनों का काफिला शामिल हुआ। सांवेर, महू, देपालपुर और राऊ विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आयोजन में भागीदारी की। महू क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा लसूड़िया से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मांगलिया स्थित मुरली गार्डन (हाट मैदान) पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। कारों और दोपहिया वाहनों के लंबे





काफिले के साथ निकली यात्रा के बाद यहां युवा समागम आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिलने के बाद पवार का यह पहला बड़ा आयोजन था।

वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित

समागम में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक उषा ठाकुर, मधु वर्मा, मनोज पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जितेंद्र आंजना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी, अंतर सिंह, कंचन सिंह चौहान, पूर्व विधायक जीतू जिराती और भानु प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने भाजपा की पंच निष्ठाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से अनुशासन और संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा संगठन की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से संगठन मजबूत होता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि स्वर्णिम भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाए।

संगठन की मजबूती का संकल्प

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय सिंह पवार ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति में संगठन ही शक्ति है और युवा उसकी रीढ़ हैं। युवा शंखनाद के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के समापन पर युवा कार्यकर्ताओं के लिए सहभोज आयोजित किया गया।





भाई दूज पर स्वाति काशिद का स्नेह

पत्रकार साथियों के लिए सजा पारंपरिक मराठी भोज

दीपावली के पावन पर्व पर आत्मीयता, अपनापन और मराठी संस्कृति की दिखी अनूठी झलक

विशेष रिपोर्ट: रेणु केथवास

कार्यकारी संपादक

इंदौर |भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक भाई दूज के पावन अवसर पर स्वाति काशिद द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पत्रकार साथियों के लिए विशेष पारंपरिक मराठी भोज का आयोजन किया गया।

दीपावली के बाद भाई दूज पर आयोजित होने वाला यह स्नेह भोज पत्रकार साथियों के बीच आत्मीयता और पारिवारिक संबंधों की एक सुंदर परंपरा बन चुका है। इस विशेष आयोजन में तरह-तरह के स्वादिष्ट पारंपरिक मराठी व्यंजनों ने सभी का मन मोह लिया।





वहीं स्वाति काशिद एवं युवराज जी का आत्मीय स्वागत, प्रेम और विशेष स्नेह इस भोज के आनंद को दोगुना कर गया।

इस अवसर पर दैनिक रणजीत टाइम्स की कार्यकारी संपादक रेणु केथवास ने स्वाति काशिद से विशेष मुलाकात की और इस सुंदर परंपरा एवं पत्रकार साथियों के प्रति उनके स्नेह की सराहना की। स्वाति काशिद ने सभी पत्रकार साथियों को दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

यह आयोजन केवल एक भोज नहीं, बल्कि पत्रकार परिवार के बीच आत्मीय रिश्तों, भारतीय संस्कृति और स्नेह की परंपरा का खूबसूरत उदाहरण रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)